बोलो ॐ नमः शिवाय

आसमानी रंग उसका, छाया कैलाश सी,
भोले है मन से वो,माला है साँप की.....
ज़िन्दगी कोई जंग नही,
किस बात का डर तुझे खाए है,
बस कर्मों पर नज़र तू रख,
बोलो ॐ नमः शिवाय.........

मूंदे अखियाँ हूँ चला गाकर नाम तेरा,
बाबा मेरा है भरोसा तू संभाल लेगा,
ना काशी,ना कैलाश पर है वास उसका,
मन जिसका है साफ़ रेहबीरे भोलेनाथ उसका,
किस बात पर तुझको चढ़ी उदासी,
सिर को क्यों झुकाये है,
बस कर्मों पर नज़र तू रख,
बोलो ॐ नमः शिवाय.......

तमस तले धरी धरा,
विसंग वृत्तिजानि के,
चल आजा राही आज़मा,
भोले का कहना मान के....

झोखें हैं ज़हर के, हवाओं में शहर के,
सुकून का है एक काश, तेरा नाम नाम बाबा,
इक तेरे नाम बाबा......
जियूँ फिर क्यों डर के,
जब तेरा हाथ सिर पे,
समय-प्रलय सब तुझ से है,
सब तेरा काम बाबा.......
देवों के दानवों के तू सबके हिस्से आए,
यूहीं नही तू शिवशंभू तू महादेव कहलाए,
लिए उम्मीदों का बस्ता क्यों दर दर ठोकर खाए है,
बस कर्मों पर नज़र तू रख,
बोलो ॐ नमः शिवायः......

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/23158/title/Bolo-om-namah-shivaya

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |